दिन– गुरुवार दिनांक– 22 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बिहार के पीरपैंती और थावे समेत देशभर के एक सौ तीन अमृत स्टेशनों का उद्‍घाटन करेंगे।

02. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज दो दिवसीय बिहार दौरे पर पटना आ रहे हैं। कल जमालपुर रेल कारखाने का करेंगे निरीक्षण।

03. जम्मू–कश्मीर में शहीद हुये सेना के जवान संतोष यादव का अंतिम संस्कार आज उनके पैतृक गांव भागलपुर जिले के इस्माईलपुर भिट्‌ठा में पुलिस सम्मान के साथ किया जायेगा।

04. और, राज्य के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश होने से आम जनजीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने आज भी कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत आज राजस्थान के बीकानेर में आयोजित एक कार्यक्रम में बिहार समेत अठारह राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के पुनर्विकसित एक सौ तीन रेलवे स्टेशनों का उद्‍घाटन करेंगे। एक रिपोर्ट....

———रिपोर्ट———

बिहार को आज जिन दो अमृत भारत रेलवे स्टेशन की सौगात मिलने जा रही है, उसमें भागलपुर जिले का पीरपैंती और गोपालगंज जिले का थावे जंक्शन शामिल है। अमृत भारत रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित पीरपैंती पूर्व रेलवे का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

आर्थिक गतिविधियों के क्षेत्र में अपनी पहचान बना चुका पीरपैंती स्टेशन विक्रमशिला सहित भागलपुर और बांका के कई प्रमुख पर्यटन स्थलों के नजदीक है। इस स्टेशन का लगभग उन्नीस करोड़ रुपये की लागत से विकास किया गया है। भागलपुर के एरिया मैनेजर प्रवीण कुमार ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि उम्मीद है कि जो सुविधाएं दी जा रही है उससे यह पर्यटन के महत्वपूर्ण केंद्र के रुप में विकसित होगा।

———बाइट———

स्थानीय लोगों में भी रेलवे स्टेशन के कायाकल्प होने से खुशी का माहौल है। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

वहीं, गोपालगंज का थावे जंक्शन पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्र में आता है। प्राचीन शक्तिपीठ के लिए मशहूर थावे जंक्शन का विकास लगभग बारह करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। उत्तर प्रदेश, बिहार और अन्य राज्यों के प्रमुख शहरों से

बेहतर सम्पर्कता वाले थावे स्टेशन को विकसित किये जाने से बिहार के पश्चिमी हिस्से में व्यावसायिक और धार्मिक पर्यटन संबंधी गतिविधियां बढ़ेंगी। इन स्टेशनों के उद्घाटन समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय समेत अन्य गणमान्य लोग भी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से शामिल होंगे।

—————————————————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज दो दिवसीय बिहार दौरे पर पटना आ रहे हैं। श्री वैष्णव आज पटना में रात्रि विश्राम करेंगे। उनका कल सुबह ट्रेन से पटना से जमालपुर जाने का कार्यक्रम है। श्री वैष्णव जमालपुर रेल कारखाना का दौरा करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि रेल मंत्री अपने दौरे के क्रम में जमालपुर कारखाना को निर्माण का दर्जा देने की घोषणा कर सकते हैं।

—————————————————————

आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से उत्साहित समग्र राष्ट्र भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता के रूप में आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। इस कड़ी में आज हम परमवीर चक्र विजेता सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल का स्मरण कर रहे हैं, जिन्होंने उन्नीस सौ इकहत्तर के भारत—पाक युद्ध में सर्वोच्च बलिदान दिया था।

———बाईट———

—————————————————————

जम्मू—कश्मीर के नौशेरा सेक्टर में शहीद हुये सेना के जवान संतोष यादव का अंतिम संस्कार आज उनके पैतृक गांव भागलपुर जिले के इस्माईलपुर भिट्ठा में पुलिस सम्मान के साथ किया जायेगा। उनका पार्थिव शरीर देर रात इस्माईलपुर पहुंचा। इस दौरान हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। लोग भारत माता की जय और शहीद जवान अमर रहे के नारे लगा रहे थे। इससे पहले शहीद जवान का पार्थिव शरीर पटना हवाई अड्डा पहुंचने पर केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा और पुलिस महानिदेशक विनय कुमार सहित कई प्रशासनिक अधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

—————————————————————

राज्य के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में कल तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश होने से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, पूर्णियां,

किशनगंज, अररिया, कटिहार, सुपौल, दरभंगा, मधुबनी और सीतामढ़ी समेत कई जिलों में भारी बारिश हुई है। पूर्वी चम्पारण के ढाका में ओलावृष्टि भी हुई है। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि आंधी और बारिश के कारण कई जगहों पर पेड़ उखड़ गये। नरकटियागंज–गोरखपुर रेलखंड के सिसवा स्टेशन के पास रेल ट्रैक पर एक पेड़ गिर गया। इस दौरान ओवर हेड वायर भी टूट गया, जिससे ट्रेन परिचालन बाधित रहा। इधर, मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज भी राज्य के पूर्वी और उत्तर–मध्य भागों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना है। वहीं, दक्षिण–मध्य भागों में भी कुछ स्थानों पर आंधी और बारिश की चेतावनी जारी की गयी है। विभाग के अनुसार आज पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, गोपालगंज, सीवान, सुपौल, अररिया, किशनगंज और पूर्णियां जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है।

———————————————————

निर्वाचन आयोग राज्य में तीन जून से पांच जून तक विशेष मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करेगा। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम की थीम लाईन है– वोट फॉर अर्थ, वोट फॉर डेमोक्रेसी। इसके तहत नये और पुराने मतदाताओं को बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान को लेकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा।

———————————————————

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जिन योजनाओं की घोषणा की है उन सभी योजनाओं पर जून के पहले सप्ताह से पन्द्रह अगस्त तक काम शुरू हो जाएगा। पटना में समीक्षा बैठक के बाद श्री चौधरी ने बताया कि सभी महत्वपूर्ण घोषणाओं से संबंधित निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

———————————————————

राज्य में चौथे चरण के तहत शिक्षक नियुक्ति परीक्षा का आयोजन दस अगस्त से पहले कर लिया जायेगा। साथ ही सात हजार दो सौ उनासी विशेष शिक्षक नियुक्ति की परीक्षा भी दस अगस्त के पहले ले ली जायेगी। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार की अध्यक्षता में पटना में उच्च स्तरीय बैठक में इस पर सहमति बनी। साथ ही नियोजित शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा, शिक्षकों का पदस्थापन और तबादला भी दस अगस्त तक ही पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

———————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो ने पटना के शास्त्रीनगर थाना में पदस्थापित दारोगा अजीत कुमार सिंह को पचास हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दारोगा शिकायकर्ता से एक केस में मदद करने करने के एवज में घूस ले रहा था। गिरफ्तारी के बाद दारोगा को निलंबित कर दिया गया है।

———————————————————

मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के राजसराय और कंदनी के आस–पास के जंगली तथा पहाड़ी क्षेत्र में एसएसबी ने सर्च अभियान चलाया। इस दौरान एक खाली मकान से आठ सौ पैंसठ जिंदा कारतूस और चार हिरण के सींग बरामद हुए।

———————————————————

समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के मधेपुर चौक के पास देर रात अपराधियों ने एक युवक की आपसी विवाद में चाकू मारकर हत्या कर दी।

———————————————————

बक्सर जिले की एक अदालत ने शराब तस्करी के मामले में दो दोषियों को पांच–पांच साल कारावास और एक–एक लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————

सासाराम में कल से दो दिवसीय शेरशाह महोत्सव की शुरूआत हुई। महोत्सव का उद्‌घाटन पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह ने किया। शेरशाह महोत्सव में कई जाने–माने कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी।

———————————————————

पटना जंक्शन से आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने बाल श्रम के लिए ले जाये जा रहे इक्कीस बच्चों को मुक्त कराया है। मौके से तीन मानव तस्करों की गिरफ्तारी हुई है।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– सुधा दूध दो से तीन रूपये प्रति लीटर महंगा हुआ।

दैनिक जागरण ने लिखा है– छत्तीसगढ़ में डेढ़ करोड़ का ईनामी खूंखार माओवादी बसव राजू समेत सत्ताईस ढेर।

प्रभात खबर ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है– पीपीपी मोड में खुलेंगे राज्य में सात मेडिकल कॉलेज।

दैनिक भास्कर ने वक्फ संशोधन अधिनियम पर सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अखबार लिखता है– वक्फ इस्लाम का अनिवार्य अंग नहीं, दान का तरीका है–सरकार।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– कांग्रेस ने माई–बहिन मान योजना को किया लॉन्च, हर महीने ढाई हजार रूपये की गारंटी।

आज अखबार लिखता है– सूबे में वज्रपात से चार लोगों की मौत।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बिहार के पीरपैंती और थावे समेत देशभर के एक सौ तीन अमृत स्टेशनों का उद्‌घाटन करेंगे।

02. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज दो दिवसीय बिहार दौरे पर पटना आ रहे हैं। कल जमालपुर रेल कारखाने का करेंगे निरीक्षण।

03. जम्मू–कश्मीर में शहीद हुये सेना के जवान संतोष यादव का अंतिम संस्कार आज उनके पैतृक गांव भागलपुर जिले के इस्माईलपुर भिट्‌ठा में पुलिस सम्मान के साथ किया जायेगा।

04. और, राज्य के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश होने से आम जनजीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने आज भी कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।